कुलानुशासक कार्यालय
लखनऊ विश्वविद्यालय
(ACCREDITED A++ BY NAAC)

अति–आवश्यक

दिनांक : 02.09..2022

सेवा में,

प्राचार्य / प्राचार्या,
खुन खुन जी गर्ल्स डिग्री कालेज, अप्पादेवी, करामत हुसैन, इस्लामियाँ, गुरुनानक ए०पी०सेन, अवध गर्ल्स, बी०एस०एन०वी, जे०एन०पी०जी डी०ए०वी०, कालीचरण, विद्यान्त, लखनऊ क्रिश्चियन, मुमताज, शशी भूषण, नेताजी सुभाष चन्द्रबोस, नवयुग, नारी शिक्षा निकेतन, अटल बिहारी बाजपेयी, आई०टी० गर्ल्स, भाटिया, महाराजा बिजली पासी, शिया डिग्री कालेज, लखनऊ।
..............................
लखनऊ ।

महोदय / महोदया

अवगत होंगे / होंगी कि वर्तमान समय में लखनऊ विश्वविद्यालय के स्नातक कक्षा के विभिन्न पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षाऐं प्रारम्भ हो गयी है, जो लखनऊ विश्वविद्यालय के अतिरिक्त लखनऊ, रायबरेली, हरदोई, सीतापुर एवं लखीमपुर खीरी जनपद स्थित विभिन्न परीक्षा केन्द्रों पर संचालित हो रही है । परीक्षाओं में शुचिता एवं पारदर्शिता बनाये रखने की दृष्टि से परीक्षार्थियों के निरीक्षण हेतु प्रत्येक वर्ष उड़नदस्ते का गठन किया जाता है । जिनके सफल एवं शान्तिपूर्ण संचालन में विश्वविद्यालय द्वारा वाँछित प्रक्रिया है । इसी सन्दर्भ में परीक्षा केन्द्रों पर परीक्षार्थियों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते का गठन किया जाना है, जिसके लिए आपसे यथेष्ट सहयोग की अपेक्षा है। गत वर्षो में भी आपके महाविद्यालय से शिक्षकों / शिक्षिकाओं को परीक्षार्थियों के निरीक्षण हेतु उड़नदस्ते के सदस्य के रूप में नियोजित किया जाता रहा है । वर्तमान समय में संचालित परीक्षाओं में भी उड़नदस्ते के गठन हेतु सकिय सदस्यों की आवश्यकता है।

अतः अनुरोध है कि उड़नदस्ते के गठन हेतु अपने महाविद्यालय से 04 शिक्षकों का नाम उक्त कार्य हेतु 03 दिन के अन्दर इस कार्यालय में भेजवाने हेतु आपका सहयोग अपेक्षित है। विश्वविद्यालय परीक्षाओं की गरिमा एवं महत्ता को दृष्टिगत इस कार्य को प्रथम वरीयता देने का कष्ट करें ।

सधन्यवाद ।

भवदीय,

(प्रो० राकेश द्विवेदी)

संख्या 2211-2215 दिनांक :–02.09..2022

प्रतिलिपि निजी सचिव कुलपति को माननीय कुलपति महोदय के सूचनार्थ ।
प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ प्रेषित :–

1. परीक्षा नियंत्रक, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
2. कुलसचिव, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
3. वित्त अधिकारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, लखनऊ ।
4. प्रभारी, लखनऊ विश्वविद्यालय, बेवसाइड पर लोड कर उक्त आशय की सूचना ई–मेल द्वारा समस्त अनुदानित महाविद्यालयों में भेजवाने का कष्ट करें ।

(प्रो०राकेश द्विवेदी)
कुलानुशासक
लखनऊ विश्वविद्यालय
लखनऊ